सार-समाचार

कट पॉइंट की मांग

अजमेर, (कासं)। स्वायत शासन मंत्री से अजमेर शहर के व्यापारिक मार्गो के सुगम आवागमन के लिए कट पॉइंट कि मांग की है। अजमेर शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता, सीए विकास अग्रवाल और प्रवक्ता कमल गंगवाल ने राजस्थान के स्वायत्त शासन मंत्री से आग्रह किया है कि अजमेर में हाल ही में निर्मित एलिवेटेड रोड के कारण प्रभावित मुख्य बाजारों के लिए सुगम आवागमन का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। इन बाजारों में केसर गंज, कोतवाली, नसियां जी मार्ग, महावीर सर्किल, कचहरी रोड आदि क्षेत्र शामिल हैं, जो एलिवेटेड रोड के निर्माण से सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता व उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह छाबड़ा ने मांग की है कि पुरानी मंडी क्षेत्र की तर्ज पर इन प्रभावित बाजारों के नीचे भी कट पॉइंट की व्यवस्था की जाए। इससे इन बाजारों में आने-जाने वाले वाहनों को सीधे एलिवेटेड रोड के नीचे से होकर गुजरने का विकल्प मिलेगा, जिससे आवागमन में होने वाली अनावश्यक दूरी और समय की बचत होगी। वर्तमान में, स्थानीय निवासियों और व्यापारी समुदाय को मुख्य बाजारों में पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे न केवल समय और धन की हानि हो रही है बल्कि व्यापारिक गतिविधियों में भी अवरोध उत्पन्न हो रहा है। गंगवाल व अग्रवाल ने अग्रह किया कि मुख्य बाजारों में आवागमन की समस्या का समाधान किए जाने से शहर की व्यापारिक गतिविधियां फिर से सामान्य रूप से संचालित हो सकेंगी, और आमजन को भी आवागमन में आ रही कठिनाइयों से राहत मिलेगी। उनका कहना है कि शहर के अस्तित्व और व्यापारिक क्षेत्र की स्थिरता के लिए यह आवश्यक है कि जहां-जहां एलिवेटेड रोड बाजारों के मार्ग में बाधा बन रही है, वहां कट पॉइंट के माध्यम से सरल आवागमन की व्यवस्था की जाए।

आंवला नवमी पर सरोवर में डुबकी लगाई

पुष्कर, (निसं.)। पुष्कर में आंवला नवमी पर हजारों श्रद्घालुओं ने पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया और जगत पिता ब्रह्मा मंदिर सहित नया रंग जी मंदिर पुराना रंग जी मंदिर अटमठमहादेव, वराह मंदिर के दर्शन किए आंवले के पेड़ की पूजा अर्चना की। धार्मिक मान्यतानुसार कार्तिक शुक्ल नवमी को सतयुग का प्रारम्भ हुआ था। इस आंवला नवमी तिथि को गऊ, सुवर्ण, वस्त्र आदि दान से ब्रह्म हत्या जैसे महापाप से ही छुटकारा मिल जाता है। रविवार को आंवला नवमी के योग पर श्रद्घालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र सरोवर में स्नान करना प्रारम्भ कर दिया। महिलाओं ने सरोवर में स्नान करने के बाद मंदिरों व पंडितों के घरों में आंवला के पेड़ की पूजा की तथा पुष्कर सरोवर की परिक्रमा की। यह क्रम देर शाम तक चलता रहा। शाम ढलते ही महिलाएं सरोवर स्थित घाटों पर उमड़ पड़ी व गऊ घाट की मुख्य आरती के साथ ही दीप प्रज्जवलित कर सरोवर में प्रवाहित किए। इस मौके पर कई श्रद्घालुओं ने पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया।

एडीए ने अपनी भूमि पर की तारबंदी

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण के जोन किशनगढ में ग्राम रामनेर की ढाणी में लगभग 7 बीधा भूमि प्राधिकरण के स्वामित्व की है। वर्तमान में आयुक्त नित्या के. के निदेर्शानुसार प्राधिकरण द्वारा अपने स्वामित्व की भूमियों पर से अतिकमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत प्राधिकरण टीम ने अपने दल बल के साथ अपनी बेशकीमती भूमि पर बीते दिन कच्चे मकान हटाकर मौके पर प्राधिकरण स्वामित्व की भूमि पर तारबंदी की गई। मौके पर प्रभावी कार्यवाही के कारण किसी प्रकार का विरोध नही किया। इस बेशकीमती भूमि का भू उपयोग परीक्षण किया जाकर भविष्य में प्राधिकरण आवश्यकतानुसार प्लानिंग की कार्यवाही की जाएगी। जिससे प्राधिकरण की आय में वृदिध हो सके ।

कलेक्टर लोक बंधु ने की महाआरती

पुष्कर (निसं.)। श्री ब्रह्मा सरोवर के जयपुर घाट आंवला नवमी के पावन पर्व पर भव्य महाआरती आयोजन में रविवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु यादव, अतिरिक्त कलेक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककलानी उप खंड अधिकारी मेला मजिस्ट्रेट गौरव कुमार मित्तल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीपक शर्मा आयुक्त नगर परिषद कीर्ति कुमावत, यातायात निरीक्षक पुलिस भीखा राम सी आई घनश्याम सिंह के आथित्य में पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने मंत्रों चारण से विधि विधान से पूजन करवाया गया तथा आचार्य पंडित चंद्रशेखर गौड के कर कमलों से उनके साथ में यश गौड ईशान गौड, व रवि शंकर गौड द्वारा भगवान पुष्कर राज की महाआरती की गई इस मौके सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर, इंदर सिंह पंवार, बाबूलाल दगदी जय कुमार सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ कमाया।

श्रवण यंत्र दिया

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था एवं श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति के तत्वावधान में जॉन्सगंज निवासी ऐसे बधिर व्यक्ति चन्द्र प्रकाश सुईवाल जिसे बहुत ऊंचा अथवा कम सुनाई दे रहा है को क्लब के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन पदमचंद जैन के सहयोग से आधुनिक श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि लायन अतुल पाटनी एवं क्लब की पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी के माध्यम से बधिर व्यक्ति के माध्यम से दी गई कान की मशीन को उपयोग में लेते ही बधिर व्यक्ति को साफ सुनाई देने लगा। क्लब के जन संपर्क अधिकारी लायन अतुल पाटनी ने बताया कि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन पदम चंद जैन के सहयोग से लायनेस्टिक वर्ष 2024.25 में अब तक 10 व्यक्तियो को सेवा दी जा चुकी है।

46 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

ब्यावर, (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भुपेन्द्र शर्मा व वृताधिकारी राजेश कसाना के सुपरविजन में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध थानाधिकारी साकेत नगर बलभद्र सिंह पुलिस निरीक्षक व जिला स्पेशल टीम ने लगातार दूसरे दिन कार्यवाही कर एक कार में भरे कुल 46 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया व दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गौरतलब है की 10.नवंबर को जिला स्पेशल टीम के कानि राजुराम की सूचना पर थानाधिकारी साकेत नगर मय टीम द्वारा जवाजा से जोधपुर जाने वाले रोड पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना के अनुसार एक कार आती दिखाई दी जिसे थानाधिकारी तथा डीएसटी टीम ने रूकवा कर चैक किया तो उसमें रखे प्लास्टिक के कट्टों में अवैध डोडा पोस्त मिला जिसका कुल वजन 46 किलोग्राम हुआ जिसे जब्त कर लिया गया। नेक्सॉन कार आर जे 15 सीए 5754 में सवार दो व्यक्तियों दिलीप सिंह पुत्र खैतसिंह (23), निवासी मंडाई पुलिस थाना सांगड जिला जैसलमेर,अशोक पुत्र खेमाराम उम्र 21 साल, निवासी जीवराजसिंह नगर बालेसर, पुलिस थाना बालेसर जिला जोधपुर ठामीण से पूछताछ कर उनको गिरफतार किया गया तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया गया। एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया जाकर आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बकरी व मुर्गी पालन इकाईयों का अवलोकन किया

भीलवाड़ा, (निसं)। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी तथा भीलवाड़ा जिला प्रभारी सचिव राजन विशाल ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान किसान हितैषी योजनाओं का धरातल पर निरीक्षण कर क्रियान्विति का जायजा लिया और क्रियान्विति की गति बढाने केनिर्देश दिए।

राजन विशाल ने भीलवाडा के कृषि विज्ञान केन्द्र की ईकाईयों क्रॉप केफेटेरिया मातृवृक्ष बगीचा-आँवला, बेर, अमरूद, नीम्बू, नर्सरी ईकाई, नेपियर घास, प्राकृतिक खेती, वर्मीकम्पोस्ट, डेयरी, बकरी पालन एवं मुर्गी पालन ईकाईयों का अवलोकन किया। उन्होने नवीन बीज की एसआरआर, मातृवृक्ष बगीचे से उत्पादित पौधो को किसानों तक पहुंचाने के तरीके, जिले में कृषि प्रदर्शनों व कास्टम हायरिंग सेन्टर द्वारा लाभान्वित किसानों की संख्या और प्राकतिक व जैविक खेती के बारे में जानकरी ली। शासन सचिव के क्रय विक्रय सहकारी समिति भीलवाडा एवं शर्मा बीज भण्डार पर आदान व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उर्वरक एवं बीज वितरण के आवश्यक निर्देश दीए, इसके पश्चात किसान सेवा केन्द्र गुरला पंचायत समिति, सुवाणा का निरीक्षण कर विभागिय अधिकरियों से क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही कृषि विभागीय योजनाओं की प्रक्रियात्मक जानकारी ली।

उन्होंन ग्राम सेवा सहकारी समिति गुरला द्वारा संचालित कस्टम हायरिंग सेन्टर का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि बाजार में प्रचलित किराए की दरों से कम से कम 10 प्रतिशत कम दर पर कृषि यंत्र कृषकों को किराये पर दिये जाये एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर की जानकरी ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचा कर उन्हें लाभान्वित करे। उनके द्वारा विभाग के सहयोग से संचालित कृषक उत्पादन संगठन किसान बाजार द्वारा उत्पादित उत्पादों का निरीक्षण कर संगठन द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। शासन सचिव ने कृषि उपज मण्डी, भीलवाडा के किसान भवन में किसानों के ठहरने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया। किसान कलेवा योजना के भोजन की गुणवत्ता की जाँच की एवं भोजन की गुणवत्ता बढाने के निर्देश दिए।

कृषि उपज मण्डी में किसानों के जीन्स के साथ प्रवेश हेतु ई-नाम कूपन योजना तथा अनाज नीलामी का प्रायोगिक निरीक्षण कर अपने समक्ष बोली नीलामी का अवलोकन किया। इसके साथ ही आवक-जावक पंजिका एवं तिलहनी फसलों में तेल जांच की स्वचलित मशीन का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त निदेशक कृषि रामावतार शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि जी.एल. कुमावत, संयुक्त निदेशक उद्यान महेश चेजारा, सचिव कृषि उपज मण्डी भीलवाड़ा महिपाल सिंह, परियोजना निदेशक आत्मा शंकर सिंह राठोड सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

विशेष मतदाता पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया

भीलवाड़ा, (निसं)। निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और संशोधित करने के लिए चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम-2025 के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने रविवार को भीलवाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 9 पोलिंग बूथों पर जाकर विशेष मतदाता पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान जिले के 4 मतदान केंद्रों कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन विभाग, अजमेर चौराहा में 1 बूथ, कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अजमेर चौराहा के 2 बूथ, सिंचाई विभाग विश्रान्ति गृह, गायत्री आश्रम भीलवाड़ा के 2 बूथ, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आर.के. कॉलोनी के 4 पोलिंग बूथ पर जाकर विशेष मतदाता पंजीकरण शिविरों का जायजा लिया।

इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) भीलवाड़ा दिव्यराज सिंह चुण्डावत भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेहता इन मतदान केन्द्रों पर संबंधित बीएलओ से मतदाता सूचियों में चिन्हित संभावित अंतर के विषय में मौके पर जाकर समुचित जानकारी ली और मतदाताओं का पंजीकरण बढ़ाने के लिए यथासंभव प्रयास करने के निर्देश दिए तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को अन्य सम्बंधित सुझाव भी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में संभावित जनसंख्या के आधार पर मतदाता-जनसंख्या अनुपात और महिला-पुरुष मतदाता लिंग अनुपात में अंतर को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में मतदाता पंजीकरण के लिए आए आमजन से संवाद किया तथा आगामी चुनावों में उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

सम्मान समारोह का समापन

नसीराबाद, (कासं)। पारीक सेवा समिति अजमेर की ओर से दीपावली स्नेह मिलन के अवसर पर सर्व पारीक समाज का प्रतिभा एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह प्रेम प्रकाश आश्रम अजमेर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले तथा शैक्षणिक क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 30 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। आयु के 97 वर्ष पूरे करने वाले दीपचंद पारीक सहित 75 वर्ष से अधिक उम्र के 21 वरिष्ठ नागरिकों का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। अपने वैवाहिक जीवन के 69 वर्ष पूर्ण करने वाले वैद्य जयचंद शर्मा तथा शिक्षाविद कमला शर्मा सहित 50 वर्ष पूर्ण करने वाले 19 दंपतियों का सम्मान किया गया।

सार-समाचार

मेमो ट्रेन चलाने की मांग

माण्डलगढ़, (निसं)। पश्चिम-मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने रविवार को कोटा मंडल के मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान जीएम ने अम्रत भारत स्टेशन योजना के तहत 3 करोड़ 23 लाख की लागत से मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन संवर्धन कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया,मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर राजस्थानी शैली में निर्धारित मॉडल और लेआऊट प्लान के अनुसार चल रहे निर्माण कार्य के सभी पहलुओं की जानकारी ली।जीएम ने विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं को ओर बेहतर करने निर्देश दिए। मांडलगढ़ में अमृत भारत योजना के तहत कार्य मे मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन का काम जल्द पूरा होने जा रहा हैं, वहीं दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह तक नवीन विकास और सुविधाएँ यात्रियों के लिए मुहैया होने की उम्मीद जताई जा रही हैं। इस दौरान रेल लाइन के क्रॉसिंग जॉन को भी देखा, महाप्रन्धक शोभना ने स्टेशन पर यात्रियों की मूलभत सुविधाओं के विकास की वास्तविक स्थिति से सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया। रेलवे सूत्रों ने बताया कि शोभना चार दिन तक महाराजा एक्सप्रेस में ऑन बोर्ड कोटा मण्डल में निरीक्षण पर रहेगी। महाप्रन्धक शोभना का मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज जोशी, कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन रतन लाल खटीक के नेतृत्व में लोगों ने अभिनन्दन किया और चित्तोड़- कोटा के बीच नई मेमो ट्रेन का संचालन, प्लेटफार्म पर कैंटीन, रेलवे स्टेशन पर पार्किंग की सुविधा, स्टेशन पर आरक्षण टिकट हेतु अलग से बुकिंग क्लर्क, साप्ताहिक यात्री ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। जिस पर महाप्रन्धक ने शीघ्र ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने में वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश चन्द्र तम्बोली, समाजसेवी,राजकुमार भंडारी, मानसिंह मूंदड़ा,रफीक मिस्त्री,कय्यूम सिलावट,बनवारी लाल जोशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

चौहान बने ब्लॉक अध्यक्ष

आसींद (निसं.)। स्थानीय कस्बे अमृत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित निजी शिक्षण संस्थान ब्लॉक आसींद व बदनोर के दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में आसींद बदनोर ब्लॉक के सभी निजी विद्यालय संचालक उपस्थित रहे समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष (भीलवाड़ा-ग्रामीण) डॉ. देवीलाल साहू ने की। डॉक्टर साहू ने सभी निजी स्कूल संचालक साथियों के सामने अपने ब्लॉक अध्यक्ष के पूर्व दायित्व से मुक्त होने की आकांक्षा व्यक्त करके पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर दिया। इस क्रम में मीटिंग में नवीन कार्यकारिणी और अध्यक्ष सचिव के चुनाव का विषय आया जहां सर्व सम्मति से सुधीर शर्मा को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया। पर्यवेक्षक ने आचार संहिता का पालन करते हुए नवीन अध्यक्ष एवं सचिव हेतु नाम मांगे जहां मोतीराम बेनीवाल ने अध्यक्ष पद हेतु देवेंद्र सिंह चौहान के नाम प्रस्ताव रखा जिसे संपूर्ण ब्लॉक के सभी संचालकों ने ध्वनिमत से ओमकार का जयघोष करके उनके नाम का समर्थन किया। इसी प्रकार सचिव पद हेतु गोविंद सिंह जी बदनोर, संयुक्त सचिव किशन मालासेरी, उप सचिव अशोक जी शर्मा लाछुड़ा उपाध्यक्ष अक्षय जी चौधरी, महावीर शर्मा का मनोनयन किया जिसे जिलाध्यक्ष डॉ. साहू ने स्वीकार कर सभी बधाई दी।

देवउठनी एकादशी कल

मसूदा (निसं.)। नवम्बर मसूद खान क्षेत्र के मंदिरों में 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी महोत्सव आयोजित होगा पंडितों ने बताया कि चतुर्मास के कारण मांगलिक कार्यक्रमों पर वे राम लग गया था सभी मांगलिक कार्यक्रम देवउठनी एकादशी से पुनः प्रारंभ होंगे

सच्चे गुरु से ही जीवन निर्वाण की प्राप्ति होती है : कृष्णानंद महाराज

अजमेर, (कासं)। शास्त्री नगर स्थित भक्त प्रहलाद उद्यान में लाडली घर के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के विश्राम दिवस के अवसर पर रविवार को कथा वाचक राष्ट्रीय संत डॉ.कृष्णानंद गुरुदेव ने भगवान द्वारकाधीश की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया।

मीडिया प्रभारी डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि रविवार को कथा में संत डॉ. कृष्णानंद महाराज ने विस्तार से भगवान द्वारकाधीश की दिव्य लीलाओं का श्रवण कराया। सुदामा व श्रीकृष्ण के मित्रता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। गुरुदेव ने कहा जब जीव की मित्रता परमात्मा के साथ हो जाती है, तो

- **भागवात कथा में श्रीकृष्ण सुदामा की मित्र के चरित्र का किया वर्णन**

परमात्मा जीव को परम आनंद प्रदान कर देते हैं। कथा के विश्राम पर राजा परीक्षित शुकदेव से परम ज्ञान प्राप्त करने के कारण परमात्मा के परम पद को पाया, एक सच्चा श्रोता और एक सच्चा गुरु जब मिलते हैं तो निर्वाण की प्राप्ति होती है। भागवत कथा में शास्त्री नगर की दोनों विकास समितियों, मंदिर समिति, यूथ क्लब, प्रभात फेरी मंडल, शिव शक्ति महिला मंडल की सदस्य राजेश्वरी त्रिपाठी, उमा शर्मा, प्रतिभा जोशी, योगेश्वरी गढ़वाल, मुन्नी देवी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ साथ समाजसेवियों ने सातों दिन कथा में सहयोग प्रदान किया, जिसके लिए गुरुदेव ने व्यास पीठ से पीताम्बर पहना कर आशीर्वाद दिया।कथा स्थल पर जादूगर डॉ. हैरती ने जादू से माला मंगवाकर कथावाचक राष्ट्रीय संत गुरुदेव कृष्णानंद महाराज को पहनाई और जादू से लाडली घर की दृष्टि बाधित छात्राओं को टॉफी मंगवाकर भेंट की।

ऐसे ही मथुरा से आए कलाकरों ने भी मयूर नृत्य किया, जिसने सब का दिल जीत लिया। भजनों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो आदि भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा विश्राम पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा संत डॉ. कृष्णानंद गुरुदेव उनकी पूरी टीम एवं कार्यकर्ता को विदाई दी गई। मंच का संचालन सुभाष दत्त शर्मा ने किया।

कथा में श्रीकृष्ण का रूप धरे लाड़ली घर की बालिकाएं।

40 युवक-युवतियों ने सम्मेलन में दिया परिचय

- **प्रगतिशील राजपूत सभा अजमेर का 25 वा वैवाहिक परिचय सम्मेलन संपन्न**

अजमेर, (कासं)। प्रगतिशील राजपूत सभा अजमेर द्वारा 25वा वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन श्री चामुंडा माता मंदिर आना सागर गुलिस चौकी के सामने अजमेर में आयोजित हुआ।

सभा के कार्यकारी अध्यक्ष बाबू सिंह पवार ने बताया कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भंवर सिंह चौहान, देवी सिंह चौहान अध्यक्ष चामुंडा माता मंदिर ट्रस्ट, प्रताप सिंह चौहान संरक्षक, अध्यक्ष मदन सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सिंह निर्वाण, सीता कंवर अध्यक्ष महिला, ईश्वर सिंह सांखला, विधि मंत्री रणजीत सिंह नरूका, महामंत्री मुकेश सिंह भाटी एवं सत्यनारायण सिंह चौहान के सानिध्य में आयोजित हुआ। जिसमें विवाह योग्य 40 युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराकर परिचय दिया।

संगठन महामंत्री मुकेश सिंह भाटी ने सभा के वर्ष भर के कार्यक्रमों के आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि भंवर सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में वैवाहिक परिचय सम्मेलन की आज के समय में आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला और अधिक से अधिक समाज के लोगों को जोड़ने का आ ान किया। संरक्षक प्रताप सिंह चौहान ने शराब मदिरा आदि कुरीतियों को समाज से संपूर्ण नष्ट कर संस्कार वान पीढ़ी तैयार करने का आव्हान किया। सत्यनारायण सिंह चौहान ने बताया कि आज के परिचय सम्मेलन के उपरांत 4 जोड़े बनें उनका 25 वा वैवाहिक सम्मेलन बसंत पंचमी 2 फरवरी 2025 को चामुंडा माता परिसर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में विवाह के इच्छुक जोड़ के प्रत्येक पक्ष से 51 हजार रूपए के अनुदान राशि ली जाएगी। मदन सिंह चौहान ने बताया प्रगतिशील राजपूत सभा ने होनहार 14 छात्र-छात्राओं का विभिन्न शैक्षणिक योग्यताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सभा की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया गया।

75वर्ष से अधिक आयु के समाज के वृद्धजन का माल्यार्पण, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वैवाहिक परिचय सम्मेलन में अजमेर जिले के सैकड़ो समाज बंधुओ और भगिनियों ने भाग लिया।अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।चामुंडा माता की महाआरती की गई। रंगोली,चेयर रेस आदि प्रतियोगिता कराई गई। सम्मेलन को महिला अध्यक्ष सीता कंवर, रणजीत सिंह नरूका विधि मंत्री, नागणेच्या सेना अध्यक्ष सज्जन सिंह राठौड़ ने भी सम्बोधित किया। धन्यवाद महामंत्री सत्यनारायण चौहान ने प्रकट किया।

इंदरसिंह राजावत और सत्यनारायण सिंह गोड ने प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर घनश्याम सिंह चौहान, लेखराज सिंह राठौड़, देवी सिंह चौहान, विजय सिंह सोलंकी, नरेंद्र सिंह पवार, नरेंद्र सिंह शेखावत, हुकुम सिंह राठौड़, कैलाश सिंह भाटी, दिलीप सिंह गॉड, विजय सिंह नाथावत राजेंद्र सिंह पडियार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शंकर सिंह राठौड़ और सज्जन सिंह राठौड़ द्वारा किया गया।

जनसम्पर्क किया

अजमेर/खींवसर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी खींवसर विधानसभा प्रत्याशी रेवन्तराम डांगा ने आज खींवसर विधानसभा में सघन जनसंपर्क किया, जिसमें आमजन ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

जनसम्पर्क में भाजपा प्रत्याशी डांगा ने मौजूद महिलाओं और लड़कियों से भी बातचीत की और उनको बताया कि भाजपा के राज में हमेशा हमारी बेटियों और महिलाओं को सम्मान देने का काम किया चाहे वो स्वच्छ भारत अभियान के तहत सम्मान की बात हो या फिर उज्जवला योजना के माध्यम से चुल्हे के धूऐं से निजात हो, राजश्री योजना के माध्यम से महिला शिक्षा को बढावा देने का काम भाजपा ने किया, प्रदेश में सरकार द्वारा बेटियों से छेडखानी व दुष्कर्म मामले में फांसी की सजा का कानून पास करवाया और भामाशाह योजना के जरिये महिला को घर का मुखिया बनाने का काम भाजपा सरकार ने किया। साथ ही डांगा ने कहा कि हम सब साथ मिलकर, 36 बिरादरी के आशीर्वाद से खींवसर को बेहतर बनाने के इस अभियान में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। जनसंपर्क कार्यक्रम कांटिया, नारवा, हनुमान नगर, अखावास-लुणावास, खुण्डाला, बरबटा, कुड़छी, सावां की ढाणीं, पिपलिया, पांचला सिद्धा, सैनिक नगर, थाम्बड़िया होते हुए विश्नोईयों की ढाणी पर समापन हुआ।

रक्तदान शिविर आयोजित

भीलवाड़ा, (निसं)। बदनोर क्षेत्र में श्री ओम बन्ना की पुण्यतिथि सहित नवयुवकों की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। बदनोर क्षेत्र में रेवंत चौक सामुदायिक भवन में श्री ओम बन्ना की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर आए हुए अतिथियों द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। वही बदनोर क्षेत्र में यह तीसरी बार नवयुवक मंडल 7773 टीम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। वही शिविर में महात्मा गांधी हॉस्पिटल की टीम द्वारा 104 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (शाहपुरा)

EMail Id- mhjahazpur@gmail.com Phone No 01485-294101

क्रमांक- नपाज/भूमि/2024-25/2518 दि. 08.11.2024

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा स्वयं खातेदार की खसरा भूमि को भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क के अधीन गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए अनुज्ञा/संपरिवर्तित भूमि के आंवटन के लिए नगर पालिका जहाजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है, उक्त बाबत् किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	स्थान व प्रस्तावित कॉलोनी नाम	आराजी खसरा संख्या	क्षेत्रफल	प्रयोजनार्थ
1.	सीमा देवी पत्नि श्री जगदीशचन्द्र हिस्सा पूर्ण जाति मीणा, निवासी जहाजपुर जिला शाहपुरा।	देवली रोड़, जहाजपुर, जिला-शाहपुरा	आराजी खसरा नं. 2738	0.1942 है.	गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय)
			आराजी खसरा नं. 2731	0.2509 है.	
			कुल किता 2	0.4451 है. (4451 वर्गमीटर)	

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मण्डल जहाजपुर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV-ए

(नियम 8 (6) 9 व (1) का प्रावधान देखें)

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि.के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

क्र. सं.	(i) डिमांड नोटिस राशि	(ii) सहमति	(iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं)	(iv) गिरवी सम्पत्ति का पता	(v) आरक्षित मूल्य राशि	(vi) ईएमडी राशि	(vii) निलामी की तिथि व समय	(viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय	(ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	(x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं.
1	रूपये 5273563.84/- डिमांड नोटिस तिथि 12 फरवरी 2020	3911241 एवं 20052909	बरवार मार्बल इण्डस्ट्रीज (प्रो.सरोज बरवार), बी.एम.सी.ट्रेडर्स, (प्